# रक्षाबंधन के पर्व पर बहिनों ने भाईयों को बांधी राखी

**भाईयों ने अपनी-अपनी बहिनों को दिया उपहार**

**धार्मिक परंपरा के अनुसार मनाया गया त्योहार**

**नवभारत न्यूज, टीकमगढ़। रक्षाबंधन के पर्व की धूम जिले में देखने को मिली। बहिनों ने अपने भाईयों की कलाई पर राखी बांधकर उन्हें मिठाई खिलाई। भाईयों ने भी बहिनों से हाथों में राखी बंधवाकर उन्हें उपहार भेंट कर उनकी रक्षा का उन्हें वचन दिया। इसके अलावा जिला जेल में बंदियों की खुली मुलाकात हुई जिसमें बहिनों ने बंदी भाईयों को राखी बांधकर उनकी लंबी उम्र की कामना की।**



रक्षाबंधन पर्व धार्मिक परंपरा का महत्वपूर्ण त्यौहार है, जिसे भाई-बहिन के रिश्ते को मजबूत करने के लिए बनाया जाता है। यह त्यौहार इस वर्ष सावन मास की पूर्णिमा को मनाया गया। रक्षाबंधन पर्व पर बहिनों ने अपने भाईयों की कलाई पर राखी बांधते हुए उनकी लंबी उम्र और खुशहाली की कामना की। जबकि भाईयों ने अपनी बहिनों को उपहार देकर उन्हें सुरक्षा का वचन दिया। अच्छे मुहुर्त में भाईयों की कलाई पर बहिनों ने राखी बांधकर कार्यसिद्धि का वचन दिया। इसके अलावा रक्षाबंधन पर्व के दिन श्रद्धालुओं ने मंदिरों में पहुंचकर भगवान को राखी पहनाकर पूजा-अर्चना की। रक्षाबंधन के पर्व पर टीकमगढ़ जिले सहित तमाम इलाकों में बाजारों में महिलाओं की भीड़ उमड़ी। महिलाएं राखी और मिठाई खरीदती दिखाई दी। खेल-खिलौनों की दुकानों पर भी बच्चे एवं बड़े लाईनों में खरीददारी करते नजर आए। बाजार में अच्छी-खासी भीड़ देखने को मिली। रक्षाबंधन पर्व धार्मिक परंपरा का महत्वपूर्ण त्यौहार है, जिसे भाई-बहिन के रिश्ते को मजबूत करने के लिए बनाया जाता है। सावन माह के अंतिम दिन रक्षाबंधन का पर्व जिले भर में बड़ी ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।जिसकी तैयारियां लोगों द्वारा पिछले कई दिनों से की जा रही थी। साथ ही दुकानों पर भी रुमाल, नारियल मिष्ठान खरीदने के लिए महिलाओं की कतारे दिनभर लगी रही। रक्षाबंधन पर्व को लेकर छोटे-छोटे बच्चों में भी उत्साह देखने को मिला। त्यौहार को लेकर तैयारियां की जा रही है। आज मनाए गए रक्षाबंधन पर्व को लेकर नन्हे-मुन्हे बच्चों में अच्छा खासा उत्साह देखने को मिल रहा है।भाईयों ने भी बहिनों से हाथों में राखी बंधवाकर उनको उपहार भेंट कर उनकी रक्षा का उन्हें वचन दिया। इसके अलावा जिला जेल में बंदियों की खुली मुलाकात हुई।

**जिला जेल में मनाया गया पर्व**

रक्षाबंधन पर्व के अवसर पर जिला जेल टीकमगढ़ में परिरुद्ध बंदियों को उनके भाई-बहनों से विशेष खुली मुलाकात की सुविधा प्रदान की जाएगी। जिला जेल प्रशासन द्वारा जारी सूचना के अनुसार 28 अगस्त को प्रात: 8.30 बजे से दोपहर 2 बजे तक विशेष मुलाकात आयोजित होगी। विशेष मुलाकात के दौरान बंदी भाइयों से मिलने वाली बहनों तथा बंदी बहनों से मिलने वाले भाइयों और उनके साथ आने वाले 13 वर्ष तक की आयु के बच्चों को ही प्रवेश की अनुमति मिली अन्य परिजनों का प्रवेश पूर्णत: प्रतिबंधित रहा। प्रत्येक मुलाकात की अधिकतम अवधि 15 मिनट निर्धारित की गई थी।

# जलस्तर बढ़ने से जिलेभर के नदी नाले उफान पर

**नवभारत न्यूज, टीकमगढ़। जिले में 48 घंटे से बारिश हो रही है। बारिश के कारण सुजारा बांध के 6 गेट खोल दिए गए हैं। धसान नदी का जलस्तर 6 से 7 फीट बढ़ गया है। जिले के कई नदी-नाले उफान पर हैं। जतारा के घूरा गांव में लोग उफनते नाले को पार करते दिखे। इनमें बच्चे और बुजुर्ग भी शामिल थे।**



जिले में पिछले 48 घंटे में औसतन करीब 4 इंच बारिश दर्ज की गई है। इस साल अब तक औसत बारिश 29.1 इंच हो चुकी है। पिछले साल इसी अवधि तक 48.3 इंच बारिश दर्ज हुई थी।पलेरा तहसील में सबसे ज्यादा 1051 यानी करीब 42 इंच बारिश दर्ज की गई है। यह जिले के 40 इंच के औसत आंकड़े से ज्यादा है। टीकमगढ़ तहसील में 964 यानी करीब 38.5 इंच बारिश हुई है। लिधौरा में सबसे कम 356 यानी करीब 14 इंच बारिश दर्ज की गई। बड़ागांव में 543 यानी करीब 22 इंच बारिश हुई है। लगातार बारिश के बाद सुजारा बांध में पानी बढ़ गया। गुरुवार रात बांध के 6 गेट खोले गए। यहां से 396 घन मीटर प्रति सेकंड पानी धसान नदी में छोड़ा गया। पानी छोड़े जाने के बाद धसान नदी का जलस्तर 6 से 7 फीट बढ़ गया। जिले के कई नदी-नालों में भी पानी बढ़ा है।जतारा के घूरा गांव में लोग उफनते नाले को पार करते दिखे। इनमें बुजुर्ग और बच्चे भी थे। गुरुवार को कलेक्टर विवेक श्रोतिय ने जिले के संवेदनशील इलाकों का दौरा किया था। उन्होंने लोगों से नदी-नाले पार नहीं करने की अपील की थी। इसके बावजूद घूरा गांव में लोग नाला पार करते नजर आए।मौसम विभाग ने शुक्रवार को जिले में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। किसानों के मुताबिक, पिछले 48 घंटे से हो रही बारिश से उड़द की फसल को नुकसान हुआ है। जिले में 48 घंटे से बारिश हो रही है। बारिश के कारण सुजारा बांध के 6 गेट खोल दिए गए हैं। धसान नदी का जलस्तर 6 से 7 फीट बढ़ गया है।

# महाविद्यालय के बच्चों ने प्रधानमंत्री के संबोधन को सुना



**नवभारत न्यूज, पलेरा। पलेरा शासकीय महाविद्यालय पलेरा में गुरुवार को राष्ट्रीय खेल दिवस की पूर्व संध्या पर भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के निर्देशानुसार खेलो इंडिया संवाद - खेल की बात, पीएम के साथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया।**

महाविद्यालय का चयन इस राष्ट्रीय कार्यक्रम के लिए कैटेगरी-बी में किया गया था, जिसके अंतर्गत प्रधानमंत्री के संबोधन का लाइव प्रसारण छात्र-छात्राओं को दिखाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य अवधेश प्रताप सिंह ने की। मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष सुनील खटीक एवं विशिष्ट अतिथि पूर्व मंडल अध्यक्ष राजेश नायक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन से हुआ। मंच संचालन डॉ. शरद कुमार पाराशर ने किया। इस अवसर पर स्थानीय खिलाड़ी रमाकांत, हषरूद्दीन खान, शिवानी रजक एवं आफरीन बानो का सम्मान किया गया। खिलाड़ियों ने युवाओं से खेलों को जीवन का हिस्सा बनाने और फिट रहने का आह्वान किया।

## डाकघर ने की अपील

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। सहायक अधीक्षक डाकघर द्वारा बताया गया है कि प्रधान डाकघर में स्थापित पोस्ट ऑफिस पासपोर्ट सेवा केंद्र के माध्यम से नागरिकों को पासपोर्ट संबंधी विभिन्न सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। विदेश मंत्रालय के समन्वय से संचालित पासपोर्ट सेवा केंद्र का उद्देश्य नागरिकों को उनके निकट ही पासपोर्ट सेवाएं उपलब्ध कराना है।**

सहायक अधीक्षक डाक घर ने नागरिकों से अपील की है कि पासपोर्ट संबंधी सेवाओं का लाभ लेने के लिए प्रधान डाकघर, पोस्ट ऑफिस पासपोर्ट सेवा मे आए।

# अनाथ बच्चियों के साथ समिति ने मनाया त्योहार



**नवभारत न्यूज, टीकमगढ़। मानवीय संवेदना समिति द्वारा ग्राम पंचायत माडूमर में रक्षाबंधन के पावन पर्व पर एक संवेदनशील पहल देखने को मिली। समिति के सदस्यों ने गांव की तीन अनाथ बच्चियों के साथ रक्षाबंधन का पर्व मनाकर उनके चेहरों पर मुस्कान बिखरी।**

कार्यक्रम के दौरान समिति के सदस्यों एवं पदाधिकारियों ने बच्चियों को रक्षाबंधन के उपलक्ष्य में नये कपड़े व राखियां व मिठाई, उपहार राशि सहित अन्य आवश्यक उपहार भेंट किये। इस अवसर पर समिति के सचिव मनीराम कठैल ने कहा कि रक्षाबंधन का त्यौहार केवल भाई-बहिन के रिश्ते तक सीमित नही है बल्कि वह समाज के हर वर्ग को सुरक्षा और अपनत्व का अहसास कराने का माध्यम है। जिसे इसकी सबसे ज्यादा जरूरत है। समिति के मार्गदर्शक स्वतंत्र कुमार जैन ने कहा कि माता-पिता का साया छिन जाने के बाद भी बच्चियां खुद को अकेला महसूस न करें। इसी उद्देश्य से समिति ने इनके बीच पहुंचकर यह उत्सव मनाया। समिति के अध्यक्ष देवेन्द्र योगी ने कहा कि बच्चियों की शिक्षा और भविष्य की मूलभूत जरूरतों को समिति हर संभव सहयोग देने का संकल्प दोहराया। कार्यक्रम का संचालन अंशुल नायक ने किया।

## उचित मूल्य राशन दुकानों को निर्देश

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। उचित मूल्य राशन दुकानों का उद्देश्य पात्र हितग्राहियों तक समय पर और पूरी मात्रा में खाद्यान्न पहुंचाना है। इसके लिए सरकार ने राशन दुकान संचालकों के लिए कई स्पष्ट नियम बनाए हैं।**

राशन दुकान पर संचालक को दुकान के बाहर दुकान का नाम, संचालक का नाम, खुलने और बंद होने का समय, उपलब्ध राशन का स्टॉक, प्रति यूनिट मिलने वाली सामग्री, मूल्य सूची तथा शिकायत हेल्पलाइन संबंधी स्पष्ट रूप से प्रदर्शित करनी चाहिए।

# विक्रय केन्द्रों पर उर्वरक की हुई व्यवस्था

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने जिले के किसानों से रबी सीजन 2026-27 के लिए उर्वरकों का समय रहते अग्रिम उठाव करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि जिले में रबी फसलों के लिए पर्याप्त मात्रा में उर्वरक उपलब्ध है तथा किसान अभी से फार्मर आईडी एवं ई-टोकन जारी कराकर अपने निकटतम विक्रय केंद्रों से उर्वरक प्राप्त करें।**

जिले में वर्तमान में कुल 17,240 मीट्रिक टन उर्वरक उपलब्ध है। डीएपी 4,617 मीट्रिक टन, यूरिया 7,695 मीट्रिक टन, एनपीके 2,167 मीट्रिक टन, एसएसपी 2,426 मीट्रिक टन तथा एमओपी 335 मीट्रिक टन शामिल है। किसान अपने फार्मर आईडी एवं ई-टोकन के माध्यम से निकटतम विपणन संघ के नगद विक्रय केंद्र, निजी उर्वरक विक्रेता, मार्केटिंग विक्रय केंद्र तथा पैक्स सदस्य सहकारी समितियों से रबी फसलों के लिए उर्वरक का अग्रिम उठाव कर सकते हैं। विक्रय केंद्रों पर पर्याप्त मात्रा में उर्वरक उपलब्ध है। उर्वरक का अग्रिम भंडारण सुनिश्चित करें।

## संबल योजना की राशि

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गतदिवस निवास स्थित समत्व भवन से मुख्यमंत्री जनकल्याण संबल योजना 2.0 के अंतर्गत प्रदेश के 9,149 श्रमिक परिवारों को 203 करोड़ रुपए की अनुग्रह सहायता राशि सिंगल क्लिक के माध्यम से अंतरित की।**

80 हितग्राहियों के खाते में एक करोड़ 86 लाख रुपए की अनुग्रह सहायता राशि सिंगल क्लिक के माध्यम से अंतरित हुई। एनआईसी कक्ष से प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम का प्रसारण देखा गया।

# आज जनसंवाद शिविर का आयोजन

**नवभारत न्यूज टीकमगढ। कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय के निर्देशानुसार मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान-2026 के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए जिले में 7 अगस्त 2026 से 8 जनवरी 2027 तक प्रत्येक शुक्रवार को जनसंवाद शिविरों का आयोजन किया जा रहा है।**

शासन के निर्देशानुसार 28 अगस्त को रक्षाबंधन के त्यौहार का शासकीय अवकाश होने के कारण ग्राम समर्रा में आयोजित मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान अंतर्गत जनसंवाद शिविर का आयोजन आज 29 अगस्त को होगा। शिविर में टीकमगढ, बड़ागांव तहसील के रिकॉर्ड सुधार के प्रकरणों का उसी दिन निराकरण का भी विशेष प्रयास किया जाएगा।

जिला प्रशासन ने नागरिकों से निर्धारित तिथि एवं स्थान पर आयोजित जनसंवाद शिविरों में उपस्थित होकर शासन की योजनाओं का लाभ लेने तथा अपनी समस्याओं के निराकरण के लिए सहभागिता करने की अपील की है।

# खराब सड़क देखने पहुंचे कांग्रेस के सदर विधायक

**नवभारत न्यूज, टीकमगढ़। कृषि उपज मंडी रोड की स्थिति मुख्यमंत्री के दौरे के एक सप्ताह बाद भी खराब बनी हुई है। 21 अगस्त को मुख्यमंत्री के इस रास्ते से गुजरने के बावजूद सड़क के गड्ढों की मरम्मत का काम शुरू नहीं हो पाया है। गुरुवार को कांग्रेस विधायक यादवेंद्र सिंह बुंदेला ने पार्टी नेताओं के साथ सड़क का निरीक्षण किया और प्रशासन को तीन दिन का अल्टीमेटम दिया।**



मुख्यमंत्री 21 अगस्त को इसी रास्ते से होकर गुजरे थे। उस समय स्थानीय लोगों ने वीडियो बनाकर सड़क की मरम्मत की मांग की थी। मुख्यमंत्री अपनी कार में बैठे हाथ हिलाते हुए आगे बढ़ गए थे, लेकिन सड़क की हालत में कोई सुधार नहीं हुआ। गुरुवार को विधायक यादवेंद्र सिंह बुंदेला के साथ जिला अध्यक्ष नवीन साहू, जिला महासचिव संजय नायक, ब्लॉक अध्यक्ष अनीस अहमद और शहर अध्यक्ष गौरव शर्मा मंडी रोड पहुंचे। इस दौरान उन्होंने गड्ढों के पास खड़े होकर भाजपा सरकार पर कटाक्ष करते हुए कहा।

## अघोषित विद्युत कटौती बनी समस्या

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। शहर की चरमराई विद्युत व्यवस्था अघोषित बिजली कटौती और लो-वोल्टेज की गंभीर समस्या से जूझ रहे स्थानीय उपभोक्ताओं के लिए बड़ी समस्या बन चुकी है। जिसका विभाग द्वारा कोई स्थाई समाधान नहीं निकाला जा रहा है।**

इन दिनों जरा सी बारिश या बादल गरजने पर तुरंत बिजली काट दी जाती है। जिससे शहर के लोगों में आक्रोश व्याप्त है। जिसका विभाग द्वारा कोई स्थाई समाधान नहीं निकाला जा रहा है।

# चयनित किसानों के सीधे खाते में आएगी प्रोत्साहन राशि

**नवभारत न्यूज, टीकमगढ़। जिले में उप संचालक कृषि विभाग द्वारा परंपरागत कृषि विकास योजना अंतर्गत चयनित किसानों के सीधे खाते में एक करोड़ प्रोत्साहन राशि बैंक खाते में सीधे डी बी टी की गई है, शीघ्र ही पुन: दूसरी किस्त खेती के सत्यापन उपरांत एक करोड़ की राशि किसानों के खाते में डाली जायेगी।**




परंपरागत कृषि विकास योजना के अंतर्गत टीकमगढ़ जिले में किसानों को जैविक खेती के प्रति जागरूक करने और उन्हें खेत से घर की रसोई तक जैविक एवं सुरक्षित खाद्य व्यवस्था अपनाने के लिए लगातार प्रेरित किया जा रहा है। जिले के 60 गांवों में किसानों से लगातार संपर्क कर जैविक खेती के लिए किया जा रहा प्रशिक्षित। किसानों के बीच पहुंचकर जैविक सब्जी, अनाज, दाल, चावल, दूध और तेल जैसी आवश्यक खाद्य सामग्री को यथासंभव जैविक तरीके से पैदा करने के लिए देशी गाय के गोबर और गौमूत्र के महत्व पर चर्चा की जा रही है। किसानों का कहना है कि रासायनिक खेती के बढ़ते उपयोग को लेकर अब उन्हें गंभीरता से विचार करने की आवश्यकता महसूस हो रही है।

# चॉइस में सुधार की प्रक्रिया रहेगी जारी

**नवभारत न्यूज, टीकमगढ। शासकीय आईटीआई में सत्र 2026-27 के प्रवेश हेतु 06वें सीएलसी राउंड की प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ होने जा रही है। इस चरण में नवीन रजिस्ट्रेशन, चॉइस फिलिंग एवं आवश्यकतानुसार चॉइस में सुधार की प्रक्रिया 25 अगस्त से 29 अगस्त तक की जाएगी। अभ्यर्थी अधिकतम 5 चॉइस का चयन कर सकेंगे।**

अभ्यर्थियों की उपस्थिति दर्ज कराने की प्रक्रिया 31 अगस्त 2026 को संस्था के कार्यालयीन समय प्रात: 10:30 बजे से शाम 5:30 बजे तक होगी। प्रत्येक अभ्यर्थी केवल एक आईटीआई में एक व्यवसाय के लिए उपस्थिति दर्ज करा सकेगा। एक सितंबर को प्रात: 10 बजे आईटीआई पोर्टल पर व्यवसायवार मेरिट सूची जारी की जाएगी तथा संबंधित आईटीआई में अभ्यर्थियों के दस्तावेजों का सत्यापन एवं प्रवेश प्रक्रिया प्रात: 11 बजे से प्रारंभ होगी। यदि सीटें रिक्त रहती हैं, तो 3 सितंबर 2026 को वेटिंग लिस्ट के अभ्यर्थियों के दस्तावेज सत्यापन एवं प्रवेश की प्रक्रिया की जाएगी। वेटिंग लिस्ट के अनुसार उपस्थित अभ्यर्थियों के प्रवेश की कार्यवाही दोपहर एक बजे से प्रारंभ होगी।

## गंदगी से बढ़ रहे मच्छर

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। शहर में भले ही स्वच्छता के नाम पर नगर पालिका ढिंढौरा पीट रही हो, परन्तु नगर के कई स्थानों की नालियों में मच्छर पनप रहे है। लोंगों ने नालियों में कीटनाशक दवा छिड़काव करने की मांग की है।**






अपराध

ग्रामीणों ने शव देखकर जताई हत्या की आशंका

# बंधा चौकी क्षेत्र के गुरिया खिरक में एक महिला की हत्या का मामला




**नवभारत न्यूज, मोहनगढ़। बंधा चौकी क्षेत्र अंतर्गत आने वाले खाकरोन गाँव के गुरिया खिरक में एक महिला की निर्मम हत्या का मामला सामने आने से सनसनी फैल गई। प्राथमिक तौर पर मृतक महिला ममता कुशवाहा उम्र 47 साल पर धारदार हथियार से हमला किए जाने की आशंका जताई जा रही है। गुरुवार की दरमियानी रात की घटना बताई जा रही है लोगो कों गुरुवार की सुबह घर के बाजू में महिला का शव लहूलुहान अवस्था में मिलने के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी।**

बताया जा रहा है कि मृतका घर में अकेली रहती थी। अचानक उसका शव घर के समीप संदिग्ध परिस्थितियों में मिलने से आसपास के लोगों में दहशत फैल गई। शव की हालत देखकर मौके पर मौजूद लोगों का भी दिल दहल गया। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर साक्ष्य जुटाए हैं। हत्या के पीछे क्या कारण रहा और वारदात को किसने अंजाम दिया, इसे लेकर पुलिस विभिन्न पहलुओं पर जांच कर रही है। पुलिस द्वारा आसपास के लोगों से पूछताछ के साथ ही घटना से जुड़े अन्य तथ्यों को भी खंगाला जा रहा है। मामले की पूरी सच्चाई पुलिस जांच के बाद ही सामने आएगी। बंधा चौकी क्षेत्र अंतर्गत आने वाले खाकरोन गाँव के गुरिया खिरक में एक महिला की निर्मम हत्या का मामला सामने आने से सनसनी फैल गई। प्राथमिक तौर पर मृतक महिला ममता कुशवाहा उम्र 47 साल पर धारदार हथियार से हमला किए जाने की आशंका जताई जा रही है। दरमियानी रात की घटना बताई जा रही है लोगो कों गुरुवार की सुबह घर के बाजू में महिला का शव लहूलुहान अवस्था में मिलने के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई।

**पुलिस कर रही सघनता से मामले की जांच**

पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर साक्ष्य जुटाए हैं। हत्या के पीछे क्या कारण रहा और वारदात को किसने अंजाम दिया, इसे लेकर पुलिस विभिन्न पहलुओं पर जांच कर रही है। पुलिस द्वारा आसपास के लोगों से पूछताछ के साथ ही घटना से जुड़े अन्य तथ्यों को भी खंगाला जा रहा है। मामले की पूरी सच्चाई पुलिस जांच के बाद ही सामने आएगी। पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी। पुलिस इस मामले में सघनता से जांच में जुटी है।

## पारदर्शी तरीके से रोजगार का अवसर

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। श्रम एवं रोजगार मंत्रालय भारत सरकार द्वारा भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड के तहत डिजिटल लेबर चैक ऑफएमपी मोबाइल एप लॉन्च किया गया है। इस एप का मुख्य उद्देश्य श्रमिकों को बिचौलियों एवं एजेंटों के चंगुल से मुक्त कर सीधे नियोक्ताओं से जोड़ना तथा उन्हें सुरक्षित और पारदर्शी तरीके से रोजगार के अवसर उपलब्ध कराना है।**

कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने श्रमिकों को डिजिटल लेबर चौक' मोबाइल एप के संबंध में जानकारी प्रदान की। उन्होंने बताया कि भारत सरकार द्वारा विकसित इस एप के माध्यम से दैनिक वेतनभोगी एवं निर्माण श्रमिक बिना किसी एजेंट के सीधे नियोक्ताओं और रोजगार के अवसरों से जुड़ सकेंगे। एप के माध्यम से श्रमिक घर बैठे डिजिटल तरीके से अपनी योग्यता एवं कौशल के अनुसार उपलब्ध रोजगार के अवसर तलाश सकेंगे। इससे उन्हें रोजगार की तलाश में भौतिक लेबर चौकों पर असुरक्षित परिस्थितियों में घंटों खड़े रहने की आवश्यकता नहीं होगी। इससे श्रमिकों के समय और ऊर्जा की बचत भी होगी। आम नागरिक अपनी आवश्यकता, कार्यस्थल और मजदूरी दर की जानकारी दर्ज कर सकते हैं।


